# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में बीस लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ, कहा–प्रदेश में सात वर्षों में बढ़ा निवेश, रोजगार के नये अवसर भी हुए सृजित।
- प्रदेश के सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर केंद्रों पर कल से शुरू होगी पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस दो हजार तेईस के लिए सीधी भर्ती परीक्षा, पुलिस महानिदेशक ने जारी किये विभिन्न दिशा निर्देश ।
- कल प्रदेश भर में मनाई गई पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि, मुख्यमंत्री ने कहा–संघर्ष और त्याग के प्रतीक थे बाबूजी ।
- मथुरा जिले के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को इस बार नहीं मिलेगा प्रवेश, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी जारी ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ से प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश सरकार की निवेश फ्रेंडली नीतियों का ही परिणाम है कि प्रदेश में गत सात वर्षों में निवेश बढ़ा है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश के अंदर अचीवर्स स्टेट में उत्तर प्रदेश का स्थान है।

***हम लोगों ने रिक्त लिये, रिफार्मस किये हम लोगों ने पॉलिसी बनाई, हम लोगों ने मजबूती के साथ उसको लागू किया और आज परिणाम है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी न केवल टॉप है बल्कि देश के अन्दर एचीवर स्टेट में यूपी का स्थान है। मोस्ट सचीवर स्टेट के रूप में यूपी आज तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है और मुझे इसके लिये इनवेस्टर समिति कैसे होने है यह भी 2023 में यूपी व देश के सामने साबित किया ह।***

उधर, अस्ट्रेलिया की उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने अपने देश के एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ कल लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से कृषि और सहायक सेक्टर मे निवेश के बारे में चर्चा की। उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा कि प्रदेश में बहुत संभावनाएं है और आस्ट्रेलिया की कंपनियां इन संभावनाओं को विस्तार देने के लिए उत्साहित हैं। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का किसान परिश्रमी और नवाचारों को अपनाने वाला है । उन्होंने कहा कि यदि आस्ट्रेलिया की कृषि तकनीक का साथ इन किसानों को मिलेगा तो निश्चित रूप से प्रदेश में कृषि, उद्यान, डेयरी और खाद्य प्रसंसकरण सेक्टर को बड़ा लाभ मिलेगा।

**********

प्रदेश में पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती के पदों के लिये कल से परीक्षाएं शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। इन परिक्षाओं को नकलविहिन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए कल पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के आवागमन मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील करा लें। साथ ही नये सीसीटीवी कैमरे भी पर्याप्त संख्या में लगाए जाएं। चिन्हित हॉट स्पॉट्स पर ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सेल और जनपदीय अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय एवं सतर्क किया जाये। उधर, विभिन्न जनपदों में भी पुलिस अधिकारियों ने कल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों को परखा। इस बीच, इस परीक्षा के 48 लाख आवेदनों की जांच में 20 हजार से अधिक अभ्यर्थी संदिग्ध निकले हैं। सत्यापन में इनके आधार कार्ड का ब्योरा मूल डाटा से मेल नहीं खा रहा है। इनके दस्तावेजों का सत्यापन केन्द्र पर दोबारा किया जाएगा।

**********

राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया गया। इसमें कुल 159 उपाधियों का वितरण किया गया। साथ ही 31 छात्रों और 16 छात्राओं को पदक प्रदान किये गये। राज्यपाल ने उपाधि और पदक प्राप्त करने वालों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगीत को जीवन का अभिन्न अंग बताया।

**********

देशभर में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कल मनाया जाएगा। पिछले वर्ष 23 अगस्त को ही चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। इस वर्ष का विषय है – **चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा।**

**********

वाराणसी के आईआईटी बीएचयू में कल से तीन दिवसीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस संबंधी व्याख्यान का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर पद्मश्री और देश के जानेमाने भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर हरिश चंद्र वर्मा ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ मिल कर कक्षा छह, सात और आठ के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान पढ़ाने का प्रयास हो रहा। बच्चों को यह जानकारी कहानी के माध्यम से देने की तैयारी है ताकि अंतरिक्ष के प्रति उनकी रूचि बढ़े।

**********

राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि कल मनाई गई। लखनऊ में आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पद्म विभूषण कल्याण सिंह बाबूजी अपने संघर्ष और त्याग से अपार जन–विश्वास के प्रतीक बने थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस जीरो टॉलरेंस की नीति को वर्ष उन्नीस सौ इक्यानबे में स्व. कल्याण सिंह ने लागू किया था, वह आज भी प्रदेश के अंदर लागू है।

***प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की जिस नीति को 1991 में स्व0 बाबूजी से लागू किया था वह आज भी प्रदेश के अंदर लागू है। डबल इंजन की यह सरकार पीएम मोदी जी के नेतृत्व में अपराध और अपराधियों के प्रति भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ काम करेगा, चाहे इसके लिये कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े और प्रदेश की जनता जनार्दन का बाल बांका नही होने देगा, यह संकल्प हमें स्वर्गीय बाबूजी के इस तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर लेना ही होगा और इसे इ बात को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना होगा कि आजीवन जिन मूल्यों के लिये जिन आदर्शो के लिये स्वर्गीय बाबूजी का जीवन समर्पित था, उन मूल्यों और आदर्शो के लिये हम कार्य करे।***

प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्व. कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रमों के आयोजन किये गये और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर हाल के फैसले के विरोध में रिजर्वेशन बचाओ संघर्ष समिति की ओर से बुलाए गए भारत बंद का कल प्रदेश में मिला–जुला असर देखने को मिला। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी –कांशीराम ने बंद का समर्थन किया। लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, बस्ती, वाराणसी, हमीरपुर, बुलंदशहर, सहारनपुर, हापुड़, चित्रकूट, कौशांबी और जौनपुर समेत अन्य जनपदों में बसपा, भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के साथ–साथ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। आगरा में भारत बंद के समर्थन में रैली निकाली गई। भारत बंद को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि भारत बंद को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में फोर्स लगाई गई और डीजीपी मुख्यालय से भी प्रदेश के सभी जिलों की मॉनिटरिंग की गई।

**********

मथुरा जिले के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में सत्ताईस अगस्त को प्रस्तावित जन्माष्टमी पर्व के उत्सव में बुजुर्ग, बच्चों और बीमार लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। इस संबंध में मंदिर प्रबंधन ने बुधवार को एक एडवाइजरी जारी की। प्रबंधन ने यह फैसला भारी भीड़ और पिछले दिनों हुई घटनाओं को देखते हुए लिया है। उधर, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि इस बार पांच हजार दो सौ इक्यावनवें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्स्व का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पच्चीस अगस्त को मथुरा जिले में करेंगे। वह इस मौके पर बरसाना रोपवे और यमुना क्रूज समेत एक सौ सैंतीस परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।

**********

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियों का जल स्तर खतरे के निशान के करीब या उससे ऊपर पहुंच गया है। इससे प्रदेश के 10 जनपद फर्रुखाबाद, गोंडा, बलिया, बाराबंकी, सीतापुर, बांदा, लखीमपुर खीरी, बस्ती देवरिया और प्रयागराज बाढ़ से प्रभावित हैं। फर्रुखाबाद में गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण तीन तहसीलों के अड़तीस गांवों पर असर पड़ा है। लखीमपुर खीरी में दो तहसीलों के पांच गांवों में कटान जारी है। प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ और पीएससी की टीमें स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश में रुक–रुक कर वर्षा जारी रहेगी।

**********